**27/08**/2026

आकाशवाणी ईटानगर

विदेश मंत्रालय ने बताया है कि कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए नेपाल गए तमिलनाडु के इक्कीस भारतीय नागरिकों को सुरक्षित बचा लिया गया है। वहीं, नेपाल में आई अचानक बाढ़ की त्रासदी के कारण फंसे भारतीय नागरिकों का पता लगाने और उन्हें सुरक्षित निकालने के प्रयास भारत ने तेज कर दिए हैं। नई दिल्ली में आज मीडिया को संबोधित करते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि त्रासदी के समय नेपाल में मौजूद दो सौ अट्ठासी भारतीय नागरिकों से अब तक संपर्क स्थापित नहीं हो पाया है। इनमें तिहत्तर भारतीय नागरिक त्रिशूली-वन जलविद्युत परियोजना में कार्यरत थे। उन्होंने बताया कि प्रभावित क्षेत्र में संचार व्यवस्था बाधित होने के कारण काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास परियोजना के अधिकारियों के संपर्क में है और आवश्यक जानकारी जुटा रहा है। श्री जायसवाल ने कहा कि भारतीय अधिकारी नेपाली अधिकारियों के साथ समन्वय कर फंसे हुए भारतीय नागरिकों से संपर्क स्थापित करने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। चीन की ओर फंसे एक भारतीय नागरिक के संबंध में श्री जायसवाल ने कहा कि बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास उन्हें सुरक्षित निकालने के लिए हर संभव प्रयास कर

रहा है। इस बीच, नेपाल में आई भीषण बाढ़ में मरने वालों की संख्या आज बढ़कर दो सौ सत्तर हो गई है।

0000000000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार इक्कीसवीं सदी के भारत के लिए आधुनिक खेल पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि खेल विश्वविद्यालयों से लेकर आधुनिक प्रशिक्षण केंद्रों तक, देशभर में ऐसा तंत्र विकसित किया जा रहा है, जहां खिलाड़ियों की प्रतिभा को हर स्तर पर समर्थन मिल सके। आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से खेलो इंडिया संवाद को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि खेल केवल पदक जीतने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि विकसित भारत के निर्माण में भारत की खेल प्रतिभा और युवा शक्ति को एकजुट करने का मिशन हैं। उन्होंने कहा कि देश के हर जिले में वैश्विक खेल मानचित्र पर चमकने की क्षमता है। प्रधानमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आज भारत में खेल एक बेहतरीन करियर और पेशे के रूप में उभरकर सामने आया है। उन्होंने कहा कि 'खेलो इंडिया संवाद' केवल खेलों पर चर्चा करने का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह संवाद का ऐसा मंच है, जहां प्रत्येक विचार देश की खेल संबंधी सोच को नई दिशा दे सकता है।

0000000000000000000000000000

राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 के अवसर पर आज लोअर दिबांग वैली के रोइंग में 'खेलो इंडिया संवाद' के तहत युवा कनेक्ट कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम देशभर में समन्वित रूप से आयोजित युवा सहभागिता पहल के रूप में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअल संबोधन हुआ। इसके बाद स्थानीय खिलाड़ियों, युवा आइकन, जनप्रतिनिधियों और भाग लेने वाले युवाओं के साथ 'खेलो इंडिया संवाद' आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद युवा आइकन में अंडर-17 राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी केसाया एलाप्रा, अंडर-17 राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी प्रिशा कचारी, जिला और राज्य स्तर की विकसित भारत युवा संसद की विजेता तथा राष्ट्रीय संसद में अरुणाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुकीं आबिदा बेगम और खेलो इंडिया फुटबॉल कोच आगानो लिंग्गी शामिल रहें। कार्यक्रम में JTGMD कॉलेज और सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज, रोइंग के युवाओं द्वारा भी भाग लिया। इसी प्रकार 'खेलो इंडिया युवा संवाद–खेल की बात, पीएम मोदी के साथ 2026' का आयोजन आज डॉन बॉस्को कॉलेज, जुल्लांग, ईटानगर में भी किया गया। इसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, एनएसएस स्वयंसेवकों, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

0000000000000000000000000

रक्षाबंधन समारोह के तहत विवेकानंद केंद्र विद्यालय, चिम्पू के विद्यार्थियों ने आज अपने शिक्षकों के साथ लोक भवन, ईटानगर में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के.टी. पारनाईक रितायर्ड से मुलाकात कर उन्हें राखी बांधी। विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए राज्यपाल ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के रिश्ते का उत्सव होने के साथ-साथ प्रत्येक नागरिक को समाज को जोड़ने वाले मूल्यों की रक्षा और उन्हें मजबूत करने के अपने सामूहिक दायित्व की याद भी दिलाता है। उन्होंने कहा कि यह त्योहार लोगों को करुणा, सद्भाव, महिलाओं के सम्मान और एक-दूसरे के प्रति जिम्मेदारी की भावना बनाए रखने के लिए प्रेरित करता है। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को अनुशासन, ईमानदारी, सहानुभूति और सेवा भावना विकसित करते हुए जिम्मेदार और उपयोगी नागरिक बनने की सलाह दी। इसके बाद, ब्रह्माकुमारी जूनू के नेतृत्व में ब्रह्माकुमारी संस्था के सदस्यों ने भी रक्षाबंधन के पावन अवसर पर राज्यपाल को राखी बांधी।

0000000000000000000000000

दिबांग वैली के आनिनी स्थित पीएम श्री GUPS आंगुली में आज जिला स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान–RAA 2026 का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य स्कूली विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जिज्ञासा, रचनात्मकता, नवाचार और गणितीय क्षमता को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम में दिबांग वैली के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। उन्हें विज्ञान प्रश्नोंत्तरी, विज्ञान प्रदर्शनी और गणित ओलंपियाड प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपने ज्ञान, वैज्ञानिक समझ और समस्या समाधान की क्षमताओं को प्रदर्शित करने का मंच मिला। DDSE, आनिनी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

000000000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, चाङलाङ, तिराप और लोङदिङ में अगले चौबीस घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ तेज बारिश का येलों अलर्ट जारी किया जारी किया है।

000000000000000000000000000